BILINGUAL | हिंगLISH Monthly E-Magazine | JUNE 2023

"JUNOON"-The passion for making a difference

# जुनून



Spreading positive vibes in the mind




"मौका की तलाश करें नहीं मिले तो खुद एक मौका बन जाए।" - मुन्ना कुमार

HAPPY 12TH ANNIVERSARY OF KHWAB FOUNDATION

Published by
KHWAB FOUNDATION,INDIA
www.khwabfoundation.org

# Index

03
संपादकीय

04
Founder's Note

05
ख्वाब फ़ाउंडेशन के नई टीम

06-17
सकारात्मक प्रसार-ख्वाब के साथ

18
जन्मदिन स्पेशल अंक

19
आपका विचार और सलाह

20
कविता

21
कष्टमेव जयते -
युवापन को मुरझाने नहीं दें,यौवन एक मौका है,जिंदादिली के साथ खूब लाभ उठायें.

22
कलामवाद-
छोटा लक्ष्य अपराध है।

23
अपील

24
पत्रिका का हिस्सा बनें

25-26
इतिहास के पन्नों में

27-28
मिडिया के नज़र में



# Editor-In-Chief

## राष्ट्रीय संचेतना एवं वैश्विक उत्थान हेतु युवाओं का संगठनात्मक क्रियाशीलन ।



मुख्य संपादक
------------
**डा. बिनोद कुमार सिंह**
**प्रधानाध्यापक,**
UMS सिरहा मुसहर टोली
प्रखण्ड-पकड़ीदयाल, पूर्वी चंपारण,बिहार

वर्तमान समाज में अर्थ कारी शिक्षा पर बच्चों एवं बच्चियों का ज्यादा ध्यानाकर्षण दृष्टिगत हो रहा है ।अपने समाज राष्ट्र एवं विश्व बंधुत्व हेतु जब तक नौजवानों एवं नव युवतियों में चेतना का उत्साहपूर्ण संगठनात्मक क्रियाशीलता नहीं आएगी तब तक एक सफल सुंदर तथा विकसित समाज, राष्ट्र एवं विश्व की परिकल्पना अधूरी ही रहेगी।

सुंदर एवं सलोने सपने सभी देखते हैं जिसे पूर्ण करने के लिए एक सफल नित्य गतिशील संगठनात्मक क्रियाकलाप की आवश्यकता है ।सपने पूर्ण करने के लिए प्रयास काल्पनिक नहीं अपितु ठोस एवं मौलिक कार्यकलाप आवश्यक है ।गलियारों में फैले अधियारों को कोसने से अच्छा है एक छोटा ही सही दीपक जलाया जाए भले ही वह दीपक बहुत कम क्षेत्र को उजाला कर सके लेकिन वही छोटे-छोटे दीप यदि संगठित रूप से असंख्य जलने लगे तो उन्हीं दीपकों को में एक विशाल क्षेत्र में प्रकाश फैलाने की ताकत विद्यमान हो जाती है।

अभी आवश्यकता इस बात की है कि हम नौजवानों में देश दुनिया के लिए कुछ कर गुजजरने की तमन्ना का उबाल फायदा हो । यह केवल कहने _सुनने कथा लिखने पढ़ने से होने वाला नहीं है। कुछ युवाओं को आगे आने की जरूरत है और बिना हारे थके लगातार कच्छप गति से ही सही लेकिन अनवरत कुछ करने की जरूरत है छोटे-छोटे संगठन ग्राम स्तर ,प्रखंड स्तर, तहसील ,अनुमंडल ,जिला, प्रमंडल, राज्य ,देश और विदेश स्तर पर बनाने की जरूरत है। उसके नेतृत्व करने वाले नेक, ईमानदार एवं समय का सदुपयोग तथा सामंजस्य करने वाले बनें और प्रत्येक स्तर पर आगे बढ़ने -बढ़ाने हेतु अनुश्रवण दल बनाए जाएं और नौजवानों को सभी स्तर के संगठन में जहां उनकी अभिरुचि हो उन्हें जोड़कर प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है ।आपसी सहयोग साहचर्य एवं एवं मैत्रीपूर्ण भावना से छोटे-छोटे प्रयास के द्वारा एक विशाल कार्य को अंजाम दिया जा सकता है। इतिहास के पन्ने गवाह हैं कि जिस तरह से हमारे पूर्वजों ने विपरीत परिस्थितियों में भी संगठनात्मक तरीके से कार्य करके आज इतिहास के पन्नों को सुशोभित कर रहे हैं। उनकी कीर्तियों का गुणगान किया जा रहा है लेकिन जिस समय वो कार्य कर रहे थे उस समय न तो उनकी प्रशंसा हुई और न ही उतना समाज के लोगों ने महत्व दिया लेकिन समय बीतने के बाद सच्चाई सभी को स्वीकारना ही पड़ता है।

दुनियां कहेगी क्या मुझ पर हंसेगी क्या इसकी चिंता छोड़ कर हमें आगे बढ़ने की जरूरत है ।हम एक दूसरे का सहयोगी बनें ,संबल बनें, साथी बनें सखी बनें ।एक दिन आएगा जब हमारे परिश्रम का रंग आसमान चढ़कर बोलेगा लेकिन उससे पहले अपने को संगठन के लिए मिटाना पड़ेगा, त्याग करना पड़ेगा।

कलियों को फल देने के लिए मुरझाना ही पता है ,बीज को पौधा बनने के लिए पहले मिट्टी में गलना पड़ता है। इसलिए रास्ता सही चुनें, संकल्प के साथ आगे बढ़ें, संगठन बनाएं ,शिक्षित बनें दूसरों को शिक्षित करें स्व अनुशासन में रहकर संगठनात्मक मर्यादाओं का पालन करें तथा सर्वदा दूसरों के हुनर उनके महत्व और उनके विचारों का आदर और सम्मान करें। किसी की निंदा एवं प्रशंसा के प्रवाह एवं प्रभाव में न आते हुए आगे बढ़नें और संगठन को त्याग और तपस्या से अभिषिंचित करें और आपस में साथ - साथ रहें साथ - साथ भोजन करें साथ - साथ संगठन की योजना बनाएं और कार्य में तल्लीनता के साथ जुट जाएं।

आगे बढ़ने वालों को प्रोत्साहित करें---_-
जो आगे जाता जाने दे
मत हंस उस पर मत रोक उसे।
हंसकर तुम बाध बनाकर के सदगामी को क्या रोकोगे,
बनेंगी पुष्प यही कलियां कर देंगी सुवाषित सब गलियां।
कोमल कलियां कांटे रक्षित मत तोड़ उसे मत तोड़ उसे। जो आगे जाता जाने दे, मत हंस उसपर मत रोक उसे।





# Founder's Notes

**विश्व का इतिहास सिर्फ उन गिने-चुने लोगों का इतिहास है जिन्हे खुद के ऊपर विश्वास था.**

**चेयरमैन, ख़्वाब फाउन्डेशन**
मुन्ना कुमार[लेखक, लेक्चरर]
अंतर्राष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर

“अकेला चना भांड नहीं फोड़ता”- इस कहावत का मतलब है कोई अकेला व्यक्ति बड़ा काम करने में असक्षम है। आज के आधुनिक काल में जहां मोबाइल, इंटरनेट, कंप्यूटर, सोशल मीडिया आदि है वहां एक अकेला व्यक्ति बहुत कुछ कर सकता है फिर भी यदि कोई बड़ा काम, बड़ा परिवर्तन, बड़ी सफलता हासिल करनी है तो हमें संगठन शक्ति की जरूरत है इसीलिए अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता। यह एक कहावत नहीं बल्कि युवाओं के जिंदगी से जुड़ी एक बड़ी गूढ़ रहस्य है जिसे उद्भेदन करना और समझना जरूरी है।

सबसे पहले ख्वाब फाउंडेशन के गठित नई कार्यकारणी सदस्यों को दिल से बधाई और खूब सारी शुभकामनाएं। यह एक मौका है खुद को उस स्तर तक पहुंचाने का जहां से आपकी कीर्ति हमेशा लोगों के लिए एक प्रेरणाश्रोत बनी रहे। समय तो देखते-देखते यूं निकल जाएगा कि पता ही नहीं चलेगा कि इतना समय बीत कैसे गया। लेकिन पश्चताप करने से कोई लाभ नहीं क्योंकि समय अब वापस नहीं आने वाला है। सबसे पहली बात कि खुद के अस्तित्व को समझना और कर्म के जरीय उस व्यक्तित्व को स्थापित करना जो सदियों तक इस धारा पर मौजूद रहे। कहा जाता है कि विश्व का इतिहास सिर्फ उन गिने-चुने लोगों का इतिहास है जिन्हे खुद के ऊपर विश्वास था। हर काल में कुछ ऐसे लोग हुआ हुए जो अपने कर्म-कौशल से दुनिया को चौका दिया है। क्या आपको नहीं लगता कि आप भी उन गिने-चुने लोगों में से एक है? एक साल को ऐसे जिए कि ख्वाब फाउंडेशन परिवार ही नहीं पूरे दुनिया के लिए एक मिसाल बन जाए।

एक युवा होने के नाते आपको अलग करने का सिर्फ हक ही नहीं बल्कि आपका यह नैतिक कर्तव्य भी है।यह समय, उम्र और मौसम का तकाजा भी है। अगर इस उम्र में आने वाले समय के लिए मौका को नहीं तरासा अथवा पैदा नहीं किया तो जीवन के अंतिम क्षण सिर्फ पश्चताप ही हाथ लगेगी। कब निकल जाएंगे दुनिया को पता भी नहीं चलेगी। जरूरत है आपको उन सारी आदतों को अपनाने कि जो महान व्यक्तियों ने अपने जीवन चरित्र में उतारा है। ऐसे सीधी-सी बात है अच्छी आदतों को अपनाएं, बुरी आदतें यूहीं खत्म हो जाएंगे अथवा कम हो जाएंगे। एक समय आएगा जब आपके पास सिर्फ अच्छाई ही अच्छाई होगी और आप दुनिया के उन गिने चुने लोगों में शामिल होंगे जिन्हे दुनिया सदियों तक सलाम करते रहेगी।आपकी वैचारिक युवापन बनी रहे और सफलता की तरफ अग्रसर रहे। हार्दिक शुभकामनाओं के साथ आपका अपना ही मुन्ना भाई ।

Munna Kumar

ख़्वाब फाउंडेशन के नवनिर्वाचित जोशपूर्ण युवा सदस्य गणों को नए पद व कार्यभार ग्रहण करने पर सम्पूर्ण चम्पारण वासी व चेयरमैन मुन्ना कुमार के ओर से बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामना



# सकारात्मक प्रसार-ख्वाब के साथ

**सकारात्मक प्रसार से ही सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा और सफलता की तरफ अग्रसर होकर सफलता की सबसे उच्ची शिखर छूँ पाएंगे। ख्वाब फाउंडेशन से जुड़े और अपने अंदर के सकारात्मक ऊर्जा को मौका दें ताकि समाज में सकारात्मक परिवर्तन में अहम योगदान हो सके।**

## "SLUMDOG TALENT CHARITY SHOW" कार्यक्रम की तैयारी ,अतिथि हरित उपहार परिवार। मजदूर दिवस की शुभकामना



(जुनून)1 मई 2023



## Apply for an international Youth Conference : KYLC5.0

## 27-29 July 2023, New Delhi, India .

Why will you join?

Conferences are a source of inspiration and might help you discover your passion.

Some people attend conferences to get inspired by talks and speeches but they are still not clear on the path they want to take.

If you want to realize your passion ,don't stop yourself and give an opportunity to explore yourself. Nevertheless, trust me, there are many individuals out there asking themselves the same question. Showing your will for learning and improving will be enough to get the most out of them, which could guide and inspire you on the next steps to take to land your passion.

How to Apply: Fill the form

www.khwabfoundation.org

or Send your CV, Short profile, HD Photo, Passport Photo at kylc5.khwab@gmail.com

## KALAM YOUTH LEADERSHIP CONFERENCE- 2019 & 2022



# सकारात्मक प्रसार-ख्वाब के साथ

**सकारात्मक प्रसार से ही सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा और सफलता की तरफ अग्रसर होकर सफलता की सबसे उच्ची शिखर छूँ पाएंगे। ख्वाब फाउंडेशन से जुड़े और अपने अंदर के सकारात्मक ऊर्जा को मौका दें ताकि समाज में सकारात्मक परिवर्तन में अहम योगदान हो सके।**

## "SLUMDOG TALENT CHARITY SHOW" में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी श्री सौरभ जोरवाल को आमंत्रित करते हुए ख्वाब फाउंडेशन परिवार।



**(जुनून)3 मई 2023**

ख्वाब फाउंडेशन की 12 वीं वर्षगांठ पर 7 मई 2023 को आयोजित "Slumdog talent Charity show" में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी श्री सौरभ जोरवाल को आमंत्रित करते हुए ख्वाब फाउंडेशन परिवार।साथ में ख्वाब फाउंडेशन की "कलाम को सलाम" पुस्तिका भेंट कर चंपारण में स्वागत करते हुए पूरी युवा टीम।माननीय जिलाधिकारी ने बड़े ही गौर से ख्वाब फाउंडेशन के शैक्षणिक प्रोजेक्ट को सुना और सराहा। कार्यक्रम में उपस्थित रहकर बच्चों और युवाओं को प्रोत्साहित करने हेतु आश्वाशन दिए।

आमंत्रित करने हेतु ख़्वाब फाउंडेशन परिवार के राज्य कानूनी सलाहकार युवा वकील श्री देवेन्द्र कुशवाहा, प्रस्तावित राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित कुशवाहा, वरिष्ठ सदस्य जीतन पासवान, श्वेता कुमारी, चेयरमैन मुन्ना भाई शामिल रहे।

## सात दिवसीय विशेष शिविर समापन समारोह का विशेष अतिथि के रूप में शामिल ख़्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन मुन्ना कुमार।



**(जुनून)04 मई 2023**

Khwab foundation की 12वीं वर्षगांठ पर slumdog Talent Charity Show में बच्चों और युवाओं के हौसला अफजाई के लिए उपस्थित रहेंगे मोतिहारी एसपी श्री कांतेश कुमार मिश्रा ।

ख्वाब फाउंडेशन की एक डेलगेट मिलकर "कलाम को सलाम" पुस्तिका भेंट कर चंपारण में स्वागत की।श्री एसपी महोदय ने ख्वाब फाउंडेशन की शैक्षणिक प्रोजेक्ट की खूब सराहना किए ।

मंगल हो।

## मई 2023 के जुनून ई-पत्रिका का लॉन्चिंग समारोह





**(जुनून)05मई2023**

मुख्य संपादक डॉ बिनोद कुमार सिंह के सानिध्य और नेतृत्व में पहली प्रकाशन।एक अद्भुत पल । शहर के टाउन हॉल के सभागार में पत्रिका का लॉन्चिंग किया गया।

## शादी के सालगिरह पर हरित उपहार के साथ ख़्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन मुन्ना भाई



ख़्वाब फाउंडेशन के एक्सपर्ट मेंटर श्री Om Prakash जी के 8वीं शादी के सालगिरह पर ख्वाब फाउंडेशन परिवार के तरफ से हार्दिक शुभकामना और बधाई। हरित उपहार के साथ ख्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन मुन्ना भाई के तरफ से बधाई प्रेषित किए। जिंदगी में पूरे मुस्कान के साथ आगे बढ़ते रहे।



**(जुनून)2 मई 2023**

## जुनून ई-पत्रिका के संपादक का जन्मदिन समारोह








**(जुनून)6 मई 2023**

जन्मदिन समारोह में हलुआ का केक बनाया गया तो वही सभी सदस्यों ने हरित उपहार भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। एक शानदार और ऐतिहासिक जन्मदिन समारोह। ख्वाब फाउंडेशन के मजबूत स्तम्भ गोलू कुमार जी को हार्दिक बधाइयाँ।

## तमाम व्यस्तता के वावजूद ख्वाब फाउंडेशन की पूरी ऊर्जावान टीम पहुंची एक शादी समारोह में ...



**(जुनून)6 मई 2023**

मोतीहारी विधानसभा के मच्छाहा गांव  चंदन बाबू के शादी की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई

# 'स्लमडॉग टैलेंट चैरिटी शो' आयोजित कर बहुत हीं धूमधाम से मनाया गया, ख़्वाब फाउंडेशन का 12वीं वर्षगांठ।




**समाज के सबसे अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के प्रतिभा को निखारने का एक शानदार कार्यक्रम**

**बच्चों के प्रतिभा निखारने और शिक्षा प्रदान करने हेतु सहयोग करें।**






# 'स्लमडॉग टैलेंट चैरिटी शो' आयोजित कर बहुत हीं धूमधाम से मनाया गया, ख़्वाब फाउंडेशन का 12वीं वर्षगांठ।















**(जुनून)07 मई 2023**

मोतीहारी, 7 मई 2023: ख़्वाब फाउन्डेशन के 12वीं वर्षगांठ पर 'स्लमडॉग टैलेंट चैरिटी शो' का आयोजन मोतिहारी शहर के टाऊन हाल में आयोजित किया गया।
इस कार्यक्रम को सहायक पुलिस अधीक्षक श्रीराज एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री संजय कुमार, व अन्य श्रद्धेय गण ने पौधा को सिंचाई कर उद्घाटन किया। इसके तुरंत बाद राष्ट्रगान व यारों चलों... जागृति अभियान गीत हुआ जो हॉल में मौजूद सभी लोग ऊर्जावान महसूस किए। बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ फाउंडेशन टीम के शपथग्रहण भी हुआ। इस कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथि गण अपने-अपने सम्बोधन प्रस्तुत किए।चेयरमैन मुन्ना कुमार ने कहा कि आज भी हमारे गांवों में प्रतिभावान बच्चों की कमी नहीं है लेकिन उसके कला को निखारने का मंच नहीं मिल पाता है और यहीं महानतम कार्य ख्वाब फाउंडेशन परिवार लगातार 12 वर्षों से सकुशलपूर्वक करते आ रहा है और आगे भी करते हीं रहेगी।
जिला शिक्षा पदाधिकारी ने जिला शिक्षा विभाग की ओर से समस्त ख्वाब फाउंडेशन परिवार को धन्यवाद दिए। उन्होंने बच्चों की शिक्षा के अलावा समाज के विभिन्न पहलुओं के बारे में बहुत ही विस्तार से हॉल में बैठे हुए लोगों को बताएं उन्होंने पूर्वी चंपारण के कुछ सरकारी विद्यालय का जिक्र करते हुए उनका सराहना भी किए। उन्होंने डॉ कलाम के कथन को कोट करते हुए कहा- छोटा सपना देखना अपराध है बच्चा को हमेशा बड़ा सपना देखना चाहिए। उन्होंने अंत में ख्वाब फाउंडेशन परिवार के कार्य कुशलता को देखते हुए 'छोटे प्रयास बड़ा बदलाव ' के एक टैग लाइन के साथ अपने विचार को समापन किया। तदोपरांत चार्ली चैपलिन द्वितीय हीरो राजन कुमार ने अपनी प्रस्तुति से दशकों का ध्यान अपने ओर आकर्षित किए। डॉ राजीव सिंह ने शानदार मनोरंजन किया। स्लमडॉग टैलेंट चैरिटी शो के सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों ने अपने शानदार अभिनय और नृत्य से सबका मन हो लिया।
यारो चलो- विवेक, गोलू,संतोष, देश रंगीला -आयुषी और ज्योति ,प्रिति कुमारी,सुप्रिया कुमारी ,नीलू निशा, सृष्टि,तो तोर बहूरहवा ये माई में विकास कुमार व अजीत कुमार ने शानदार अभिनय कर सबको भावुक कर दिया। काश्मीर जिगर के टुकड़ा में निरंजन , सिद्धार्थ,अमन,व संदीप, हवाओ ने कहा में कुणाल पासवान,आयुषी, गोली चल जाएगी में प्रियंका रजक,रुप रंग सजाउ में प्रज्ञा, रिंकी, लिया,गोल्डी, आर्या ,गायत्री ने प्रदर्शन कर खूब तालियां बटोरी।इस समारोह में शामिल ख़्वाब फाउंडेशन के सदस्यगण नीरज सिन्हा, जयंती सिन्हा,अमित कुशवाहा, नितिश कुमार, विनय कुमार, गोलू कुमार, शालू कुमारी, संतावना सरगम, रेखा, सन्नी शेखर, आनंद, महंत ,कादीर जिल्लानी, मनीषा, कंचन, श्वेता, अशफाक, मधुरेश, दिलीप, निखिल, संध्या, सुषमा श्री, रंजीत तथा अन्य सभी सम्मानित लोग मौजूद थे।







# मेरे 12वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर आयोजित 'स्लमडॉग टैलेंट चैरिटी शो' में शामिल सभी सम्मानित अतिथिगणों व सदस्य गणों को बहुत-बहुत धन्यवाद : ख़्वाब फाउंडेशन



- ख्वाब फाउंडेशन की 12वीं वर्षगांठ धूमधाम से अंतिमजन के प्रतिभा प्रदर्शन से मनाया।

- अंतर्राष्ट्रीय कलाकार चार्ली चैप्लिन द्वितीय ने अपने अभिनय से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

- नए वर्ष के लिए ख्वाब फाउंडेशन का नए संगठन का हुआ गठन।

- कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथियों को हरित सम्मानित किया गया।





## शादी के सालगिरह पर शामिल हुआ ख़्वाब फाउंडेशन टीम



(जुनून)07मई2023

ख्वाब फाउंडेशन के पूर्व अध्यक्ष ध्रमेन्द सहनी को शादी के सालगिरह के मौके उपस्थित सभी फाउंडेशन परिवार के तरफ से बहुत-बहुत बधाई। चेयरमैन ने कहा- हमेशा सुखी रहें।

## सात दिवसीय विशेष शिविर समापन समारोह का विशेष अतिथि के रूप में शामिल ख़्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन मुन्ना कुमार।




(जुनून)08 मई 2023

NSS, SNS College, Motihari द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर समापन समारोह का विशेष अतिथि के रूप में ख़्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन मुन्ना कुमार ने उद्घाटन किया। NSS के माध्यम से युवा छात्रों में समाज सेवा के प्रति भावना को जागृत किया जाता है। युवा छात्रों के लिए यह के विशेष अवसर है जिसका लाभ जरूर लेना चाहिए। प्राचार्य डॉ प्रदीप कुमार, NSS cordinator डॉ अमित कुमार और सभी प्राध्यापक को बहुत-बहुत विशेष आभार। खासकर विशेष आभार युवा NSS नेता कफील आजाद जी को।














## बिहार बोर्ड की टॉपर रह चुकी प्रज्ञा, बन गई ख़्वाब फाउंडेशन का सदस्य



(जुनून)09मई 2023

बिहार बोर्ड की टॉपर रह चुकी प्रज्ञा अब ख़्वाब फाउंडेशन के ऑफिशियल सदस्यता ग्रहण कर ली। अपने पापा के साथ ख़्वाब फाउंडेशन ऑफिस में सदस्यता ली। फाउंडेशन के चेयरमैन ने प्रज्ञा को बहुत-बहुत बधाई एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामना दिए।

## ख़्वाब फाउंडेशन के ब्रांड एंबेसडर व चार्ली चैपलिन 2 राजन कुमार का हुआ भव्य स्वागत



(जुनून)11मई 2023

ख्वाब फाउंडेशन के ब्रांड एंबेसडर व चार्ली चैपलिन से मशहूर राजन जी को राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित कुशवाहा जी ने अपने सर्वाक्षी फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड आफिस में आगमन पर पूष्प गुच्छा देकर उन्हें सम्मानित किया एवं काफी देर तक विभिन्न पहलुओं पर बात हुई। वहां उपस्थित फाउंडेशन सदस्य मनीषा जायसवाल, पप्पू कुमार व अन्य लोग मौजूद थे।

## लगातार विवाह में भोज आमंत्रण का जिंदादिली अनुभव साझा करते हुए आपका मुन्ना भाई



(जुनून)15मई 2023

मुन्ना भाई अपने सोशल मीडिया के माध्यम से पंक्ति में बैठकर खाने का अनुभव साझा किए- श्री मुन्ना कहते हैं जब कभी शादी में जाने का आमंत्रण मिलता है और जाता हूं तो वर-वधू को लम्बी उम्र का आशीर्वाद देता हूं। अपने लोगों से मिलना-जुलना होता है। हर क़िस्म के मज़ेदार बातचीत भी होती है तदोपरांत जैसे हीं भोजन करने का वक्त होता है तो कहीं-कहीं बैठने के लिए लोगों के साथ सीधी पंक्तियां होती है तो कहीं बिखरे हुए इधर-उधर, लेकिन जीवन का असली और सच बोलूं तो यहीं अपनापन महसूस होता है। यहीं भारतीय समाज संस्कृति की पहचान है। विभिन्नता होते हुए भी एकता को कभी नहीं भूलते।

## ख्वाब फाउंडेशन के जिला उपाध्यक्ष डॉ मनीष कुशवाहा परिणय सुत्र में बंधे




(जुनून)10मई 2023

ख़्वाब फाउंडेशन के उपाध्यक्ष डॉ मनीष कुशवाहा 10मई 2023 को परिणय-सूत्र में बंध गए। पूरे ख़्वाब फाउंडेशन परिवार के तरफ से हार्दिक शुभकामना और बधाई। शादी में शामिल फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित कुशवाहा जी और चार्ली चैपलिन 2 सह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ख़्वाब फाउंडेशन के ब्रांड एंबेसडर राजन कुमार जी इन दोनों ने भी शादी की शुभकामना एवं बधाई दी।

## नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित "जिला स्तरीय युवा उत्सव -2023" के निर्णायक मंडल में शामिल हुए ख़्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन व मोटिवेशनल स्पीकर मुन्ना कुमार



(जुनून)15मई 2023

नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित "जिला स्तरीय युवा उत्सव -2023" में भाषण प्रतियोगिता में ख़्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन व मोटिवेशनल स्पीकर मुन्ना कुमार एक निर्णायक मंडल सदस्य के रूप में शामिल हुए। जिला के प्रतिभाशाली युवाओं के लिए एक शानदार मौका था।जहां ऊर्जावान युवाओं "अमृत काल के पंच प्रण" पर अपना जोरदार भाषण का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के उपरांत सभी विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में श्री कुमार के साथ रौशन जी, नितेश जी, डॉ आरती रानी शामिल रहीं। सभी प्रतिभागियों को श्री कुमार ने हार्दिक शुभकामना दिये।



## बोधिवृक्ष कॉरीडोर योजना का हुआ शुभारंभ।



(जुनून)15 मई 2023

राजगीर स्थित ब्रह्मकुंड परिसर में प्राकृतिक ऑक्सीजन बैंक की स्थापना हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बोधिवृक्ष कोरिडोर योजना के संरक्षक एवं पीपल, नीम, तुलसी अभियान के संस्थापक डॉ धर्मेन्द्र कुमार ने किया।

संरक्षक डॉ कुमार ने कहा की विकास के कारण पेड़ों की अंधाधुंध कटाई हो रही है जिससे लोगों को सांस लेने में मुश्किल हो रहा है। इस योजना के तहत राजगीर से लुंबनी तक सड़कों के दोनों ओर पीपल आबाद संख्या में लगाया जाए और उनका संरक्षण पर जोर दिया जाए। वहां उपस्थित सभी पर्यावरण प्रेमी ने कहा कि पेड़ों की संरक्षण करना सभी का कर्तव्य है प्रत्येक मानव अपने जीवन को प्रकृति संरक्षण में अवश्य हीं लगाना चाहिए। ताकि आने वाली पीढ़ी स्वच्छ वातावरण में सांस ले सके। इस शुभ अवसर पर मोहन लाल वर्मा, डॉ धीरेंद्र उपाध्याय, मीरा देवी, डॉ रेखा सिन्हा,उषा मिश्रा एवं अन्य लोग मौजूद थें।

## मधुबनी की बेटी नीलू कुमारी बनीं नि:शुल्क शिक्षा दात्री



(जुनून)13मई 2023

ज्ञान और गंगा की धरा बिहार राज्य मधुबनी जिले की रहने वाली नीलू कुमारी अब नि:शुल्क शिक्षा दात्री बन चुकी हैं। इन्होंने विगत 4 वर्षों से गरीब बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा देने का कार्य कर रही है। अभी इनके दो संस्थान हैं इन दोनों संस्थानों में कुल 70 बच्चे पढ़ते हैं। ख़्वाब फाउंडेशन के तत्वाधान में निकलने वाली 'जुनून ई पत्रिका' के संपादक गोलू कुमार को बताते हुए श्री कुमारी कहती हैं कि मैं इन गरीब बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा मुहैया कराने के अलावा नि:शुल्क पेंटिंग, योगा व आर्ट एंड क्राफ्ट भी सिखाती हूं। अगर जिन बच्चों को शैक्षिक सामग्री नहीं होती हैं तो उन बच्चों को वे नई:शुल्क में वह सामग्री देती हैं और साथ में कपड़ा भी मुफ्त में वितरण करती हैं।

श्री कुमारी आगे कहती हैं- मैं 4 वर्षों से नि:स्वार्थ भाव से 'मिथिला जागरूकता अभियान फाउंडेशन' के साथ मिलकर भी कार्य कर रही हूं। आपको बता दें नि:शुल्क शिक्षा देने के इस महानतम कार्य को देखते हुए शिक्षा दात्री नीलू कुमारी को अब तक दर्जन से ऊपर अवार्ड, सम्मान, प्रशस्ति पत्र मिल चुका हैं। ये आज भी पूरी मेहनत और लगन से इस महान और पवित्र कार्य को कर रही हैं और आगे भी करती हीं रहेगी। वे भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम व स्वामी विवेकानंद को अपना आदर्श मानती हैं।

## आखिर क्यों गुस्सा आता है?: सुन्दर चांद ठाकुर



(जुनून)15मई 2023

नवभारत टाईम्स के सीनियर सम्पादक सुन्दर चांद ठाकुर जी ने अपने फेसबुक पोस्ट के जरिए लोगों को जीवन के हर पहलू का सीख देते हैं उनका आज का पोस्ट हैं- क्या आपको ज्यादा गुस्सा आता है और आप इससे मुक्ति चाहते हैं? ऐसा है, तो आपको कुछ समय यह समझने में लगाना चाहिए कि हमें आखिर गुस्सा क्यों आता है। थोड़ा गौर करेंगे तो पाएंगे कि जब भी आपकी ऊर्जा का स्तर कम रहता है, आपके मन में तनाव रहता है, ऐसी स्थिति में छोटी-छोटी बात पर भी गुस्सा आ जाता है। इसके अलावा जब भी हम बहस के दूसरे छोर पर खड़े व्यक्ति का नजरिया समझने की कोशिश नहीं करते और खुद को ही सही मानते हैं, तब भी गुस्सा आता है। यानी अगर हम दूसरों के नजरिए, उनकी भावनाओं का सम्मान करने लगें और अपने भीतर ऊर्जा का अच्छा स्तर बनाकर रखें, तो कठिन स्थितियों में भी गुस्सा नहीं करेंगे।

## चम्पारण में हुआ 'बाल मनोवैज्ञानिक परामर्श अभियान' का शुभारंभ




(जुनून)15 मई 2023

KBC विजेता श्री सुशील कुमार ने अपने सोशल मीडिया के जरिए बताया- चम्पारण में 'बाल मनोवैज्ञानिक परामर्श अभियान' का शुभारंभ हुआ है। यह अभियान मुख्य रूप से बच्चों, शिक्षकों व अभिभावकों के लिए हैं। सरकारी एवं निजी विद्यालय में घूम-घूम कर बच्चों, शिक्षको और बच्चों के अभिभकों के साथ बच्चों के बारे में चर्चा करेंगे। इस अभियान के प्रमुख मनोवैज्ञानिक- श्री रजनीश श्रीवास्तव, कंसलटेंट साइकोलॉजिस्ट(एम फिल, पीजी डीसीपी) तथा अन्य इस क्षेत्र के महत्वपूर्ण लोगों से बात हो रही है जो बाद में जुड़ जायेंगे, ऐसी उम्मीद हैं। इसमें बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले कारक (मोबाइल की लत, परिवार का माहौल, विद्यालय और आस-पास का वातारण आदि)। (विशेष बच्चा)जो बच्चों के अक्रामक व्यवहार या बच्चों की हीन भावना बच्चों से संबंधित ऐसे अनेक जरूरी विषयों पर भी चर्चा होगी। यह साप्ताहिक या पाक्षिक या विद्यालय की मांग पर होगा और यह बिलकुल नि:शुल्क होगा। इन्होंने सभी लोगों से सुझाव भी मांगा है।


## ख़्वाब फाउंडेशन के दुसरा सप्ताहिक मीटिंग हुआ सफल, फाउंडेशन परिवार मनाया मातृ दिवस

**सवंरती तुम हो मां, तो निखरता मैं हूं।**
**जगती तुम हो मां, तो सोता मैं हूं।।**
**खिलती तुम हो मां, तो महकता मैं हूं।**
**कवयित्री तुम हो मां, तो कविता मैं हूं।।**
**- गोलू कुमार**



आप सभी सम्मानित बंधुओं को ख्वाब फाउंडेशन परिवार के तरफ से मातृ दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामना। इस माह के दुसरे सप्ताहिक मीटिंग 14 मई को आगामी कार्य को लेकर बैठक सफल हुआ। जिसमें सभी सक्रिय सदस्य ने भाग लिया। प्रत्येक वर्ष मई महीने के दूसरे रविवार को मातृ दिवस मनाया जाता है। मातृ दिवस की शुरुआत 1908 में अमेरिका से हुई थी। अमेरिका के वर्जीनिया में रहने वाली एना जार्विस ने अपनी मां के प्रेम और समर्पण को देखते हुए इस दिन की शुरुआत की थी। ऐसे तो प्रतिदिन मां का हीं दिन है लेकिन आज का दिन केवल मां के लिए हीं है यानी उन महिलाओं का साहस गाथा सुनाने व सुनने का दिन है जो इस पुरुष प्रधान समाज में रह कर भी अपने क्षमता को काफी ऊंची बुलंदियों पर पहुंचाने का हिम्मत रखतीं हैं। और यह काम समाज के प्रत्येक वर्ग के महिलाओं व लड़कियों के साहस को आगे बढ़ाने के लिए उनकी पहचान बनाने के लिए, तथा उनकी नेतृत्व क्षमता निखारने के लिए ख़्वाब फाउंडेशन ने एक अलग गर्ल्स विंग की गठन की है। जो सिर्फ महिलाओं के लिए है। और यह फाउंडेशन का कदम महिला सशक्तिकरण पर बल देने का कार्य कर रहीं हैं। इस विंग में महिलाओं के साथ-साथ सशक्त लड़कियां भी है जो एक दुसरे को सिखने-सीखने की परम्परा अपना कर पूरी लग्न और मेहनत के साथ ईमानदारी से कार्य करतीं हैं। आज महिलाएं और लड़कियां दुनिया के विभिन्न हिस्सों में, विभिन्न क्षेत्रों में अपना दमखम दिखा रहीं हैं। इसलिए उन मां के लिए तो एक दिन खासकर साहस को सलाम करना बनता है।

हमारी फाउंडेशन भी एक मां है जो हमलोग को अपने कार्यों के माध्यम से सींच रहीं हैं। उनके आंचल में रह कर बड़े से बड़े कार्य को बहुत ही सुन्दर और साहस के साथ कर देते हैं। एक बार फिर से सभी सम्मानित महिलाओं को खास कर गर्ल्स विंग के सभी देवियों को मातृ दिवस की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामना। आप कहीं भी रहें कितना भी व्यस्त रहे अपने मां का जरुर ख्याल रखें। मां से प्यार करें। क्योंकि वो हैं तो गोल रोटी है, चावल है, दाल है, ममता है सबकुछ है। महिलाओं को सम्मान करें। भारत की प्रत्येक नारी रानी लक्ष्मीबाई है। धन्यवाद जय हिन्द।






**(जुनून)17 मई 2023**

ख्वाब फाउंडेशन परिवार के सम्मानित सदस्य व् मेंटर डॉ अंगेश कुमार द्वारा संचालित "चकिया पारा मेडिकल एण्ड नर्सिंग इंस्टीट्यूट" के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए मुन्ना भाई...
उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में चकिया के चेयर मैन पवन_सर्राफ जी एव उप चेयर सुभाष_कुमार फीता काट कर उद्घाटन किया ।मौके पर सैकड़ों लोग मौजूद रहे ।साथ में शामिल है युवातुर्क चिकित्सक डॉ० मुन्ना सिंह और डॉ अमित कुमार आदि।



**(जुनून)20 मई 2023**

बच्चे देश में भविष्य है और उन्हें संवारना हमारा नैतिक कर्तव्य है, सरकार के भरोसे नही छोड़ा जा सकता।मोतीहारी विधानसभा के गोढ़वा बाजार अवस्थित Sure Success Coaching Centre के प्यारे बच्चों के बीच मुन्ना भाई का एक दिवसीय शानदार मोटिवेशनल कार्यशाला संपन्न हुआ। कार्यशाला में बच्चों के लक्ष्य निर्धारण के साथ कलाम यूथ क्लब के महता पर प्रकाश डाला गया।संस्था के प्रबंध निदेशक रूपेश सर, सुनील सर और मुन्ना कुशवाहा सर का दिल से आभार।

## Happy School , चैनपुर, ढेकहां में बच्चों को कंप्यूटर के बारे में जानकारी प्रदान करते आपका मुन्ना भाई ...





(जुनून)20 मई 2023

बच्चे मन के सच्चे होते है ,उनको जैसा बनाना चाहो बन जायेगा लेकिन जैसा चाहते है वैसा माहौल बनाना पड़ेगा।

ख्वाब फाउंडेशन द्वारा मोतीहारी प्रखंड के प्रत्येक पंचायत में शैक्षणिक माहौल बनाया जा रहा है। Happy school ,Happy Club और कलाम यूथ क्लब की स्थापना कर है वर्ग के व्यक्तियों को शैक्षणिक रूप से जागृत किया जा रहा है।समर्पित शिक्षक आनंद कुमार को साधुवाद। आप भी अपने पंचायत के लिए ख्वाब फाउंडेशन टीम को आमंत्रित कर सकते है।
















(जुनून)21 मई 2023

मोतीहारी विधानसभा के गोढ़वा पंचायत में "युवा जागे,देश आगे" अभियान के तहत ख्वाब फाउंडेशन टीम का भ्रमण ...

यह पल और कदम ही आने वाले समय में इतिहास के पन्नो में दर्ज होगी। हमारी मेहनत और प्रयास एक दिन जरूर सफलता को प्राप्त करेगी।

गांव के एक-एक युवा को संवारने और जगाने हेतु ख्वाब फाउंडेशन का शानदार कदम ।

बहुत ही जल्द गोढ़वा पंचायत पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन ।



(जुनून)24 मई 2023

मोतीहारी शहर के सुप्रसिद्ध युवा व्यवसायी और समाजसेवी श्री पवन पुनीत चौधरी जी के बेटे की प्रथम जन्मदिन पर पौधा उपहार के साथ शुभकामना देते हुए आपका मुन्ना भाई ...
जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं और
बधाई छोटा हीरो।



## समाजसेवी और पहली उड़ान के संस्थापक भारत भूषण आजाद जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई




(जुनून)27 मई 2023

मोतीहारी विधानसभा के ढेकहां पंचायत के बतरौलिया गांव के युवा शिक्षाविद , समाजसेवी और पहली उड़ान के संस्थापक भारत भूषण आजाद जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

मुसहरी टोला में शहीद ई. नवीन कुमार के इक्षानुसार आजाद सर ने अपने जन्मदिन पर "डॉ अंबेडकर हैप्पी स्कूल" की शुरुआत करके एक शानदार संदेश दिए।जन्मदिन पर ख्वाब फाउंडेशन की टीम में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री Amit Kushwaha , वरीय पदाधिकारी श्री जीतन पासवान और चैयरमैन मुन्ना भाई ने हरित उपहार देकर बधाई दिए।अंबेडकर जन कल्याण संस्थान के अन्य सम्मानित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## Success Mantra Computer Coaching, Gandhi Nagar Ramna में हुआ जबरदस्त motivational Workshop








(जुनून)27 मई 2023

सुजीत सर द्वारा संचालित यह कंप्यूटर संस्थान लड़कियों के लिए एक जबरदस्त अवसर है। आज लड़कियां चारों तरफ टॉप कर रही है । बस इन्हे थोड़ी-सी सही दिशा देने की जरूरत है।ख्वाब फाउंडेशन द्वारा संचालित "कलाम यूथ क्लब " की स्थापना कर इन छात्रों को समुचित दिशा निर्देश देने का एक कदम।

सुजीत सर और पूरे टीम को हार्दिक शुभकामनाएं।



(जुनून)29 मई 2023

नागमणि शर्मा के शुभ विवाह के अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं देते आपका मुन्ना भाई...

साथ में है यूपीएससी की तैयारी करने वाले रवि वर्मा और ख्वाब फाउंडेशन के वरीय सदस्य जीतन पासवान।

मोतीहारी विधानसभा के पिपराकोठी प्रखंड के दक्षिणी ढेकहां के बाला टोला गांव में सोनू बाबू के बहन के शादी और हनुमान आराधना में शिरकत करते हुए आपका मुन्ना भाई ...

(जुनून)28 मई 2023



# जन्मदिन स्पेशल अंक

## 'ख्वाब फाउंडेशन' परिवार के तरफ से हमारे सम्मानित सदस्य गणों को ढेरों सारा बधाई एवं शुभकामना...













ख्वाब फाउंडेशन परिवार का एक सशक्त सदस्य ,प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी श्री सन्नी शेखर ने अपने जन्मदिन पर पौधरोपण कर एक सकारात्मक संदेश के साथ ऐतिहासिक बना दिया । ऐसे युवाओं पर हमेशा गर्व होगा जिसने अपने महत्वपूर्ण योगदान से संस्था के साथ समाज को मजबूत किया हो।
एक बार पुन: जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं हीरो।
बस ऐसे ही खूब खुश रहो और आगे बढ़ते रहो।






### [जन्मदिन विशेष बनाएं]

- अपने जन्मदिन पर Happy School के बच्चों के समुचित पढ़ाई हेतु आर्थिक योगदान दें ।
- बच्चों के बीच कलम,पेन, पेंसिल ,टॉफी आदि बितरित की जाएगी।
- अपने जन्मदिन पर एक पौधरोपण कर शेयर करें और दूसरे को प्रेरित करें।
- खासकर झुग्गी-झोपड़ियों के बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित करें।



# आपका विचार और सलाह

## 'जुनून ई-पत्रिका' पढ़ते हुए पाठकगण





अपने छात्रों के साथ डिजिटल बोर्ड पर 'जुनून ई-पत्रिका' पढ़ते हुए जुनून प्रेमी सुभाष कुमार सिंह जी। जो पेशे से एक शिक्षक हैं।




'जुनून ई-पत्रिका' अपने मोबाइल के स्क्रीन पर पढ़ने के उपरांत दिखाते हुए जुनून पाठक कृष्णा कुमार।






अपने लैपटॉप के स्क्रीन पर 'जुनून ई-पत्रिका' पढ़ने के उपरांत दिखाते हुए जुनून के पारिवारिक सदस्य राजा हिंदुस्तानी।

'जुनून ई-पत्रिका' अपने मोबाइल में पढ़ते हुए रिजवान अंसारी जी, जो मोतीहारी के चैलाहां टाल के रहने वाले हैं। ये स्नातक द्वितीय खंड में पढ़ाई भी करते हैं।



'जुनून ई पत्रिका' पढ़ कर बहुत हीं अच्छा लगा। कलाम यूथ क्लब, कष्टमेव जयते, कलामवाद ... सभी जन के लिए काफी प्रेरणादायक हैं! आप भी इसे अवश्य पढ़ें। - प्रज्ञा






ये हैं टोनू सौम्या जी, जो पेशे से शिक्षक के साथ-साथ यूट्यूब पर 'Tonu Education' नाम का Educational Channel चलाते हैं। जिस पर आज 'जुनून ई-पत्रिका' को बहुत हीं बखुबी तरीके से विश्लेषण करके इसी चैनल पर अपलोड करते हुए सभी बंधुओं से इस पत्रिका को पढ़ने के लिए अपील भी किए। इनके जीवन का एक हीं मकसद है कि 'भारत का प्रत्येक बच्चा आत्मनिर्भर हो'।आप भी जरूर देखें।

**इन्होंने कहा अगले अंक में निम्नांकित 8 विषयों को भी जोड़े-**

**1. *अपने गांव समाज के सफल छात्र-छात्राओं की कहानियां* 2. *बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ !***
**3. *स्टूडेंट के लिए Best कैरियर ऑप्शन***
**4. *सरकारी जॉब्स के अलावा पैसा कमाने के लिए Best तरीका* (Student's )**
**5. *पढ़ाई के साथ-साथ पैसा कैसे कमाए ऑनलाइन घर बैठे* 6. *दहेज प्रथा* बंद हो**
**7. *गांव की लड़कियों के लिए उच्च शिक्षा की व्यवस्था***
**8. लड़कियां पैसा कैसे कमाए ! लड़कियों के लिए जॉब ऑप्शन /**

**सांत्वना सरगम**



**मौर्य निखिल**



**आप भी पत्रिका को पढ़ते हुए अपना फोटो, विचार और सलाह शेयर करें ,अगले अंक में इसका प्रकाशन भी होगा।**

# • कविता •

## • इंसान हो तो इंसान हीं बनो •

भूखे को खिलाने वाले बनो,
प्यासे को पानी पिलाने वाले बनो।
असहाय को सहारा देने वाले बनो,
जब अंधकार हो जीवन में तो प्रकाश फैलाने वाले बनो।।
इंसान हो तो इंसान हीं बनो!

फैला है नफरत जमाने में,
तो नफरत मिटाने वाले बनो।
भेद-भाव के बातों को त्यागकर,
प्यार फैलाने वाले बनो ।।
इंसान हो, इंसान हीं बनो!

भटके हुए को राह दिखाने वाले बनो,
दिल में है प्यार तो गैरों को अपनाने वाले बनो।
दुनिया लाख नफ़रत करती हो तुमसे
पर तुम मोहब्बत करने वाले बनो।।
इंसान हो तो इंसान हीं बनों!

**आनंद विहार,**
**ढ़ेकहां चैनपुर**



**नोट: आप भी हमें स्वरचित रचना/कविता/लेख भेज सकते हैं।**




# कष्टमेव जयते

**व्यक्ति के जीवन का शाश्वत सत्य है मृत्यु वैसे ही सफलता के शिखर पर पहुँचने वाले व्यक्ति के जीवन में कष्ट आना निश्चित है। इस कष्ट से कोई मजबूत होता है तो कोई टूट कर बिखर जाता है । जो मजबूत हुआ इतिहास रचा जो टूटा उसका अस्तित्व खत्म हुआ। फैसला आपको करना है कि टूटना है मजबूत होना है। यह आलेख आपको अपने कष्ट पर विजय पाने और सफल होने के तरीके और प्रेरणा प्रदान करेगा।**

## युवापन को मुरझाने नहीं दें,यौवन एक मौका है,जिंदादिली के साथ खूब लाभ उठायें.

युवापन एक जिंदगी के सबसे सुनहरा अवसर है। यह वह समय है जहां कोई टूट कर बिखर सकता है तो कोई मजबूत बन सकता है। इतिहास लिखने का सबसे बेहतर अवसर इसी उम्र में मिलता है अथवा यू कहे कि आगे के सुखमय जीवन हेतु मजबूत आधार रखने का सुनहरा मौका रहता है। युवा किसी भी देश का वर्तमान होता है। उसी के हाथ में उसके देश का कार्यभार होता है। युवा देश की ताकत होता है। एक युवा देश के विकास की नींव रखता है।

वहीं देश को विकास की राह में ले जा सकता है। जिस देश में युवा अधिक होते है, वह देश अपने आप ही शक्तिशाली बन जाता है। युवा एक देश की उम्मीद होता है।देश का युवा देश की आशा होता है, जो देश के भविष्य को परिवर्तित करने की ताकत रखते है। भारत में युवा की जनसंख्या सबसे अधिक है, जो देश के लिए काफी फायदेमंद है। भारत का युवा ही भारत में परिवर्तन ला सकता है।

वाह वाह। युवा के ताकत और उसके क्षमता के बारे में जानकार बहुत ही अच्छा लगा होगा लेकिन

**क्या वास्तव में इस तरह से युवा अपना सोच रखते है?**
**क्या वो खुद के असली ताकत और अस्तित्व को समझते है?**
**क्या युवा को युवापन का अहसास दिलाने की जरूरत नहीं पड़ती है?**

अगर देखा जाए तो कई तरह के विकृति इस युवा जात में आ चुका है। इस विकृति पर अगर अअपने ध्यान आकृष्ट कराने की कोशिश की तो वह आपके विरुद्ध ही हो जाएगा। एक बात बता दे रहा हूँ कि युवा आजकल ज्यादा ग्लैमरस होना चाहता है। बहुत ही जल्द सफल हो जाना चाहता है लेकिन यह एक भ्रम ही है।

किसी भी अन्न के बीज अथवा पेड़ के बीज को उचित जमीन में डालेंगे तो उचित समय पर ही अंकुरित होगा और बड़ा होकर फल देगा। ठीक वैसे ही युवाओं को चाहिए कि अच्छी जिंदगी के लिए युवापन में बीजारोपण करें ताकि आने वाले समय में एक अच्छी जिंदगी मिल सके। यह वक्त है जिंदगी को दौराने के लिए रास्ता बनाने की और उस रास्ते पर चलकर इतिहास बनाने की। जवानी में इतना काम तो कर ही सकते है कि आने वाली पीढ़ी आपके कर्म और उपलब्धि का बखान कर सके। आपको अमर होने के लिए एक सच्चा कर्मयोगी बनना होगा तभी भविष्य में सुखमय जीवन को उतार पाएंगे। क्षणिक सफलता के बारे में नहीं एक दूरदर्शी सोच के साथ कदम बढ़ाएं। जीवन में पैसा ही सबकुछ नहीं है , ये तो आते जाते रहेगी लेकिन कर्म का फल जाएगा नहीं बल्कि आएगा।

**कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन्।**
**मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते संगोस्त्वकर्मणि।।**

इंसान को केवल कर्म का ही अधिकार है, उसके फल के बारे में चिंता करने का नहीं। इसलिए तुम कर्मों के फल की चिंता मत कर और कर्म से विमुख मत हो।

**खुद को सकारात्मक रखने के लिए मुन्ना भाई के youTube चैनल: Motivational Speaker Munna Bhai Subscribe करें।**



# कलामवाद

**विश्व में बहुत सारे वाद आए समाजवाद,पूंजीवाद ,मार्क्सवाद ,लेलीनवाद ,गाँधीवाद आदि आदि लेकिन डॉ *APJ Abdul Kalam* ने युवाओं और बच्चों के लिए जिस तरह से काम किया ,एक वाद से कम नहीं । अगर इसे कलामवाद कहे तो अतिशयोक्ति नहीं होना चाहिए । किसी भी देश की युवा एक राष्ट्रीय संपदा है और इसका समुचित दिशा-निर्देश के साथ सँवारना जरूरी है ताकि कोई भी राष्ट्र सम्पन्न हो सके। डॉ कलाम ने इस दिशा में अद्भुत कार्य किया है ।**

## छोटा लक्ष्य अपराध है।

डॉ कलाम साहब को मोटिवेशन मशीन कहा जाता है। इन्होंने हजारों प्रेरणादायक कथन दिया जो आज युवाओं और बच्चों के लिए जड़ी-बूटी का काम करता है। एक मुरझाएं हुए युवा भी इनके प्रेरणादायक कथन को पढ़कर खिल उठता है तो एक छात्र  अपने आत्मविश्वास को जगा लेता है। एक जिंदगी से निराश व्यक्ति जीने की आशा पाल लेता है तो असफल होने वाला व्यक्ति सफल होने के लिए फिर से खड़ा हो जाता है। कलाम साहब ने युवाओं और छात्रों के लिए खूब समय दिया और कई किताबें भी लिखे। इनके अधिकतर कथन युवाओं और छात्रों के इर्द-गिर्द रहा क्योंकि युवा और छात्र ही वह संसाधन है जो किसी भी देश को विकसित करने में सबसे ज्यादा योगदान देता है ।

आप युवा है अथवा किसी भी वर्ग के छात्र , डॉ साहब के लिखी पुस्तकें अवश्य पढ़ें। विशेषकर उनकी आत्मकथा को जरूर पढ़ें। युवाओं और छात्रों के लिए हमेशा 10 शपथ दिलाते रहे है। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम कहते रहे है कि अगर किसी देश को भ्रष्टाचार मुक्त होना है और सुंदर दिमाग का देश बनना है।

डॉ. ए पी जे अब्दुल कलाम द्वारा विद्यार्थियों एवं युवाओं के लिए 10 सूत्रीय शपथ :

- **मैं समझता हूँ कि छोटा लक्ष्य अपराध है । मैं अपने जीवन में एक महान लक्ष्य रखूँगा और उसे प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करूँगा । मैं लगातार ज्ञान प्राप्त करूँगा । मैं लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दृढ रहूँगा ।**
- **मैं सत्यनिष्ठा के साथ काम करूँगा और सत्यनिष्ठा के साथ सफल होऊंगा ।**
- **मैं अपने परिवार का अच्छा सदस्य बनूंगा, समाज का अच्छा सदस्य बनूँगा, अपने राज्य का अच्छा सदस्य बनूंगा, देश का अच्छा सदस्य बनूंगा और विश्व का अच्छा सदस्य बनूंगा ।**
- **मैं हमेशा किसी एक के जीवन को सुरक्षित या सफल बनाने की कोशिश बिना किसी जाति, पंथ, भाषा, धर्म या राज्य के भेदभाव के करूँगा । मैं कहीं भी रहूँ, एक विचार हमेशा मेरे मन में रहेगा 'मैं आपके लिए क्या कर सकता हूँ ' ।**
- **मैं शराब, धुम्रपान और जुए का आदी कभी भी नहीं होऊंगा । मैं हमेशा कोशिश करूँगा कि शराब, धुम्रपान और जुए का आदी कम से कम पांच लोगों की लत छुड़ा सकूँ और उनकी मदद करूँगा कि वे अच्छा जीवन व्यतीत करें ।**
- **मैं हमेशा समय के महत्व को याद रखूँगा । मेरे जीवन का उद्देश्य 'मेरे उड़नपंख के दिन, व्यर्थ व्यय न हों' ।**
- **मैं अपने पड़ोस में कम से कम पांच पौधे लगाऊंगा और उनका पोषण करूँगा । मैं हमेशा अपने गाँव, शहर और राज्य को स्वच्छ रखने का कार्य करूँगा जिससे मेरी पृथ्वी स्वच्छ और हरी होगी । मैं अपने गावों या शहरों के टैंकों, झीलों को पुनर्जीवित करने का कार्य करूँगा ।**
- **अपने देश के युवा के रूप में, मैं कार्य करूँगा, साहस के साथ सभी कार्यों की सफलता के लिए और दूसरों के कार्यों की सफलता का आनन्द लूँगा ।**
- **मैं जैसा युवा हूँ ऐसा ही मेरा विश्वास, और पुराना जितना मेरा शक । इसलिए मैं अपने ह्रदय में विश्वास का दीपक प्रकाशमय रखूँगा ।**
- **मेरा राष्ट्रीय ध्वज मेरे ह्रदय में लहराता है और मैं अपने देश के लिए महिमा लाऊंगा ।**

**-मुन्ना कुमार**

# अपील







आपके द्वारा दिए डोनैशन मानवता की रक्षा हेतु एक शानदार कदम होगी।
आप डोनेट करके income tax में लाभ ले सकते है ।



# पत्रिका का हिस्सा बनें ..

आप चाहे तो आप भी अपनी सकारात्मक लेकिन वास्तविक आलेख, कविता अथवा आप जो लिख सकते है जिससे प्रेरणा जागृत हो , हमे भेज सकते है।
अपनी आलेख और प्रतिक्रिया ईमेल - junoon. khwab@gmail.com
पर भेज सकते है।
ज्यादा जानकारी के लिए हमारा वेबसाईट www.khwabfoundation.org देख सकते है ।
अगर आपके पास कोई सुझाव हो तो जरूर बताएं ।

नकारात्मक शक्तियां बड़े ही तेजी से हमारे दिल और दिमाग में घर करते जा रही है । लेकिन हम भी है कि मानने वाले नहीं है । आपसे भी अपील करते है कि आप अपने गाँव/पंचायत/प्रखण्ड अथवा जिला में युवाओं को जोड़े, यूथ क्लब खोले, हैप्पी स्कूल खोले, पुस्तकालय खोले ।
ख्वाब फाउंडेशन आपके मदद के लिए आपको हर संभव मदद करेगी।

## डोनेट करें
## और
## राष्ट्र-निर्माण में अपनी अहम योगदान दें।



# इतिहास के पन्नों में







INTERNATIONAL YOUTH CENTRE







सत्यदर्शन
पुस्तकालय
YOUNG BLOOD
CLUB

KATHMANDU, NEPAL














# इतिहास के पन्नों में



YOUTH




MALDIVES YO
AND PRE-SU
SOUTH ASIAN
TITLE PARTNER
happymarket


MALDIVES YO
AND PRE-SU
SOUTH ASIAN

सत्यदर्शन
पुस्तकालय



सत्यदर्शन पुस्तकालय






सत्यदर्शन पुस्तकालय
VISION-2020



चम्पारण रत्न सम्मान







## मीडिया के नजर में



ख्वाब फाउंडेशन की 12वीं वर्षगांठ धूमधाम से अंतिमजन के प्रतिभा प्रदर्शन से मनाया गया

ख्वाब फाउंडेशन नें सांस्कृतिक समारोह के बीच मनाया 12वीं वर्षगांठ

bordernewsmirror.com 08 May 2023 - Page 4

जागृति टाइम्स, पटना, 8 मई 2023, सोमवार

बच्चा को हमेशा बड़ा सपना देखना चाहिए : डीईओ

ख्वाब फाउंडेशन की 12वीं वर्षगांठ धूमधाम से अंतिमजन के प्रतिभा प्रदर्शन से मनाया

नए वर्ष के लिए ख्वाब फाउंडेशन का नए संगठन का हुआ गठन

ख्वाब फाउंडेशन की 12वीं वर्षगांठ धूमधाम से अंतिमजन के प्रतिभा प्रदर्शन से मनाया

ख्वाब فاؤنڈیشن کی 12ویں سالگرہ منائی گئی

ख्वाब फाउंडेशन (एसएनबी)। ख्वाब फाउंडेशन के 12वीं वर्षगांठ पर स्लमडॉग टैलेंट चैरिटी शो का आयोजन मोतिहारी शहर के टाउन हाल में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम को सहायक पुलिस अधीक्षक श्रीराज एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री संजय कुमार, व अन्य श्रेद्धय गण ने पौधा को सिंचाई कर उद्घाटन किया। इसके तुरंत बाद राष्ट्रगान व यारों चलो... जागृति अभियान गीत हुआ जो हॉल में मौजूद सभी लोग ऊर्जावान महसूस किए। बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ फाउंडेशन टीम के शपथग्रहण भी हुआ। इस कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथि गण अपने-अपने सम्बोधन प्रस्तुत किए। चेयरमैन मुन्ना कुमार ने कहा कि आज भी हमारे गांवों में प्रतिभावान बच्चों की कमी नहीं है लेकिन उसके कला को निखारने का मंच नहीं मिल पाता है और यही महानतम कार्य ख्वाब फाउंडेशन परिवार लगातार 12 वर्षों से सकुशलपूर्वक करते आ रहा है और आगे भी करते रहेंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने जिला शिक्षा विभाग की ओर से समस्त ख्वाब फाउंडेशन परिवार को धन्यवाद दिए। उन्होंने बच्चों की शिक्षा के अलावा समाज के विभिन्न पहलुओं के बारे में बहुत ही विस्तार से हॉल में बैठे हुए लोगों को बताएं उन्होंने पूर्वी चंपारण के कुछ सरकारी विद्यालय का जिक्र करते हुए उनका सराहना भी किए। उन्होंने डॉ कलाम के कथन को कोट करते हुए कहा-छोटा सपना देखना अपराध है बच्चा को हमेशा बड़ा सपना देखना चाहिए। यारों चलो- विवेक, गोलू,संतोष, देश रंगीला -आयुषी और ज्योति प्रिति कुमारी, नीलू,निशा, सृष्टि, तो तेरा बहरूपिये ने माई मैं विकास कुमार व अजीत कुमार ने शानदार अभिनय कर सबको भावुक कर दिया। काश्मीर जिगर के टुकड़ा में निरंजन, सिद्धार्थ,अमन,व संदीप हवाओं ने कहा में कुणाल पासवान,आयुषी, गोली चलजाए रंग रूप सजाद में प्रज्ञा, रिंकी, लिया,गोल्डी, आर्या, गायत्री ने प्रदर्शन कर खूब तालियां बटोरी। इस समारोह में शामिल ख्वाब फाउंडेशन के सदस्यगण नीरज सिन्हा, जयंती सिन्हा,अमित कुशवाहा, नितिश कुमार, विनय कुमार, गोलू कुमार, संतावना सरगम, रेखा, सन्नी शेखर, रंजीत अन्य सभी सम्मानित लोग मौजूद थे।

# जुनून-JUNOON

Official news letter of khwab Foundation,India

## Editorial Team

Editor-in-chief- Dr Vinod Kumar Singh
Managing Editor-Mr. Munna Kumar
Associate Editor- Shri Satyadev Prasad Kushwaha
Assistant Editor- Ms. Jyanti Sinha
Senior Editor- TY Sahab sahodar
News Editor- Mr. Golu Kumar
Design Editor- Miss Manisha Jaiswal
Academic Editor- Mr. Nitish Kumar & Mr. Vinay Kumar
Photograps Editor- Mr. Sunny Shekhar

